Prabhat Khabar: 13. 12. 2022

कोल्हान यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट

करीम सिटी कॉलेज चैंपियन

सोमवार को को-ऑपरेटिव कॉलेज मैदान में ट्रॉफी के साथ विजेता टीम.

लाइफ रिपोर्टर@जमशेदपुर

करीम सिटी कॉलेज की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कोल्हान यूनिवर्सिटी इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है. सोमवार को को-ऑपरेटिव कॉलेज मैदान में खेले गए फाइनल मुकाबले में करीम सिटी की टीम ने एबीएम कॉलेज को 7 विकेट से मात दी. एबीएम की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 147 रन बनाए. जवाब में करीम सिटी कॉलेज की टीम ने मात्र तीन विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया. करीम सिटी के एस नवीन को उनकी शानदार पारी के लिए मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया. उन्होंने ताबड़तोड़ 48 रन बनाए. प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर कोल्हान यूनिवर्सिटी की टीम चुनी जाएगी जो ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी कॉलेज टूर्नामेंट में शिरकत करेगी. यह टूर्नामेंट भुवनेश्वर में होना प्रस्तावित है.

CRICKET MEN - 2022

Prabhat Mantra: 13. 12.2022

करीम सिटी कॉलेज बना कोल्हन विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट का विजेता

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): जमशेदपुर कोऑपरेटिव कॉलेज में चल रहे कोल्हन विश्वविद्यालय इंटर कॉलेज क्रिकेट टूर्नामेंट में आज फाइनल मुकाबले में करीम सिटी कॉलेज ने एबीएम कॉलेज को 7 विकेट से हराकर विजेता बनी। मैन ऑफ द मैच नवीन को दिया गया। बता दे की यह टूर्नामेंट 8 दिसंबर से शुरु हुआ था जिसका फाइनल आज खेला गया। क्रिकेट टूर्नामेंट में 9 महाविद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। करीम सिटी कॉलेज टीम के खिलाड़ी डॉ फिरोज इब्राहिमी (स्पोर्ट्स इंचार्ज करीम सिटी कॉलेज) के निर्देशन में टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया है। इस अवसर पर डॉ मनमोहन सिंह (स्पोर्ट्स इंचार्ज कोल्हन विश्वविद्यालय, चाईबासा), प्राचार्य मनमन सिंह तथा प्राचार्य डॉ मोहम्मद रेयाज के अलावा डॉ इंद्रसेन सिंह, डॉ बी एन त्रिपाठी के साथ सभी टीमों से संबंधित महाविद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे और टूर्नामेंट का भरपूर आनंद उठाते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

Scanned with OKEN Scanner